संख्या - 144 /1068(1)/84-1-2013-11(शि)/13

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

नियंत्रक,
विधिक माप विज्ञान विभाग, उ.प्र.,
7, बाला कदर रोड, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक : 24 दिसम्बर, 2013

विषय श्री आर0पी0 सिंह, वरिष्ठ निरीक्षक, कानपुर के सम्बन्ध में प्राप्त भ्रष्टाचार की शिकायत पर दोषियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-70/1068/84-1-2013-11(शि)/13, दिनांक 25 अक्टूबर, 2013 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन के पत्र संख्या-15/सीएम-36/84-1-2013, दिनांक 18.09.2013 द्वारा प्राप्त शिकायती पत्रों एवं प्रमाणित अभिलेखों की प्रतियाँ संलग्न कर प्रेषित करते हुए यह अपेक्षा की गई थी कि अभिलेखों की पुष्टि के उपरान्त एक सप्ताह के अंदर दोषियों के विरूद्ध विधिक एवं कठोर अनुशासनिक कार्यवाही सुनिश्चित कर अवगत कराया जाय। परन्तु पर्याप्त समय व्यतीत होने के पश्चात भी अब तक आप द्वारा प्रकरण में की गयी कार्यवाही से शासन को अवगत नहीं कराया गया है।

3. अत: अनुरोध है कि शासन के पत्र दिनांक 18 सितम्बर, 2013 एवं 25 अक्टूबर, 2013 में दिये गये निर्देशों के अनुसार कृत कार्यवाही की सुस्पष्ट तथ्यात्मक आख्या शासन को एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in